बोलो बम बम भोले बम बम

छोड़के सारी चिंता छोड़के सारे ग़म
बोलो बम बम बम भोले बम बम बम

सच्चे मन से जपके देखो जादू शिव के नाम का
बम बम भोले कहते जाओ नाम बड़ा है काम का
जीवन में ये खुशियां होने ना देगा कम
बोलो बम बम बम भोले बम बम बम

बम बम भोले जपते जपते हरपल मौज मनाओ तुम
शिव के रहते बंधू मेरे चिंता नहीं लगाओ तुम
उसके रहते तेरी आँख ना होगी कम
बोलो बम बम बम भोले बम बम बम

शिव की धुन में खोके जो भी धूनी रोज़ लगाता है
उसके सामने जाने से फिर काल भी घबराता है
साथ हो जो भोला तो क्या करेगा यम
बोलो बम बम बम भोले बम बम बम

शिव की धुन में खो जाने की सागर अपनी मस्ती है
उसकी महिमा लिख सके जो कहाँ किसी की हस्ती है
शिव की ही कृपा से चलती ये कलम
बोलो बम बम बम भोले बम बम बम

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11689/title/bolo-bm-bm-bhole-bm-bm

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |